राजस्थान–सरकार

11/2019

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक/राजस्व/19/237-38 दिनांक 22.01.2019

तहसीलदार
श्रीमाधोपुर।

विषयः–राजस्व रिकार्ड में मन्नी देवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर ही दर्ज किये जाने व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद का नाम हटाकर राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने।

आदेश

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मन्नी देवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर जरिये अध्यक्ष जगदीश प्रसाद के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर राजस्व ग्राम श्रीमाधोपुर के भूमि खसरा नम्बर 523 रकबा 0.79 हैक्टर के हिस्सा 1250/7899 में दर्ज खातेदार मन्नी देवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर जरिये अध्यक्ष जगदीश प्रसाद में से अध्यक्ष जगदीश प्रसाद का नाम राजस्व रिकार्ड से हटाये जाने हेतु राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) विभाग के परिपत्र क्रमांक 5 (8)राज–6/97/6 जयपुर दिनांक 09.06.2009 के तहत यदि अभिधृति धारक यदि कोई कम्पनी या संस्था है तो कम्पनी या संस्था के नाम के साथ–साथ जरिये निदेशक, जरिये मैनजर आदि प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जो भू–अभिलेख नियमों का उल्लघंन माना गया है। राजस्व रिकार्ड को आदिनांक एंव त्रुटिरहित संधारित करना राजस्व अधिकारियों का परम दायित्व होने से उक्त रिकार्ड कों दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रिकार्ड को दुरूस्त किये जाने का स्वीकार किया जाकर तहसीलदार श्रीमाधोपुर को आदेशित किया जाता है कि उक्तांकित राज्य सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक 5 (8)राज–6/97/6 जयपुर दिनांक 9.06.2009 के तहत कार्यवाही करते हुए राजस्व ग्राम श्रीमाधोपुर के भूमि खसरा नम्बर 523 रकबा 0.79 हैक्टर के हिस्सा 1250/7899 में दर्ज खातेदार जगदीश प्रसाद अध्यक्ष मन्नीदेवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर के बजाय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद का नाम राजस्व रिकार्ड से हटाया जाकर मन्नीदेवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते हुए राजस्व रिकार्ड को दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।

(ब्रहमलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक/राजस्व/19/237-38 दिनांक 22.01.2019

प्रतिलिपिः– मन्नीदेवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान (एम.डी.एम.) श्रीमाधोपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

(ब्रहमलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)

Scanned by CamScanner